Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 28-07-2006

Participants : Mohale Shri Punnulal

>

Title : Need to provide free medical facilities to the women suffering from Uterus cancer.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : महोदय, महिलाओं के दूरबीन पद्धति अथवा हाथों से परिवार नियोजन के ऑपरेशन के कारण से करोड़ों महिलाओं की बच्चेदानी खराब हो रही है। बच्चेदानी में कैंसर की बीमारी हो रही है। इसके कारण महिलाओं में मोटापा आ जाता है, पेट फूल जाता है और वे गर्भवती सी प्रतीत होती हैं। इससे अलावा उनकी बच्चेदानी बाहर निकालनी पड़ती है। इसके अलावा उन्हें बच्चेदानी का कैंसर भी हो जाता है, जिससे वे मृत्यु को प्राप्त हो रही हैं। गरीब परिवारों के पास खाने तक के लिए पैसे नहीं होते हैं और इस इलाज के लिए 15 से 20 हजार रूपये का खर्च आता है। इस सबके कारण अस्पतालों में महिलाओं का बच्चेदानी का ऑपरेशन करवाने के लिए तांता लगा हुआ है।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करना चाहता हूं कि वे इस संबंध में पूरे देश में एक अभियान चलाए, जो कि निशुल्क होना चाहिए। महिलाओं की बच्चेदानी खराब होने के इलाज की सरकार व्यवस्था करे। ऑपरेशन करने की दशा में उन्हें इसके लिए धनराशि उपलब्ध कर वायी जाए। कैंसर की बीमारी से उन्हें बचाने के उपाय किए जाएं। जिससे महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा की जा सके। इसके अलावा डॉक्टरों के एक विशोज्ञ दल का गठन किया जाए, जो इस प्रकार की बीमारियों से बचाने के उपाय BÉE®ä*[c76] मैं केन्द्र सरकार से मांग करूंगा कि केन्द्र सरकार पूरे देश में राज्य सरकारों को आदेशित करे कि एक अभियान चलाकर बच्चेदानी में खराबी वाली महिलाओं का आपरेशन निःशुल्क किया जाये। मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि इस पर जरूर ध्यान दे।